# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(दशम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## बुधवार, 2 दिसम्बर, 2015/11 अग्रहायण, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

कुल प्रश्न - 25

----

### पंचायत चुनाव हेतु रोस्टर

*2513 **श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :**
**श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
**श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में पंचायत चुनाव के लिए जो रोस्टर जारी किया गया उसका आधार किस वर्ष की जनगणना को रखा गया तथा इसके लिए क्या मापदण्ड अपनाए गए; ब्यौरा दें;

(ख) रोस्टर बारे अधिसूचना क्या सभी जिलों में जारी कर दी गई है; यदि हां, तो यह कार्य विभिन्न जिलों में किस-किस स्तर के अधिकारियों के माध्यम से पूर्ण किया गया तथा इस हेतु क्या-क्या औपचारिकताएं की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) 13वें वित्त आयोग में किस अनुपात में धनराशि का आबंटन किया गया तथा 14 वें वित्त आयोग की राशि का आबंटन जिला परिषद, खण्ड विकास समितियों तथा पंचायतों को किस प्रक्रिया एवं अनुपात में आबंटित होगा; ब्यौरा दें?

----

## **पुरस्कार प्रदान करना**

***2514 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत वर्ष धर्मशाला में शीतकालीन सत्र के दौरान माननीय मुख्य मन्त्री महोदय ने श्री रघुनाथ मन्दिर कुल्लू में हुई चोरी पकड़ने पर सम्बन्धितों को 10 लाख रूपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में देने की घोषणा की थी;

(ख) यह भी सत्य है कि मुख्य मन्त्री महोदय ने विजयदशमी उत्सव की प्रदेश स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए इस सम्बन्ध में वित्त विभाग को अविलम्ब समुचित कार्यवाही करने के आदेश दिए थे; और

(ग) यदि हां, तो चोरी पकड़ने वालों को अभी तक सम्मानित न करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

## **शिलान्यास**

***2515 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार हाईड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला, जिला बिलासपुर का शिलान्यास कब तक करने का विचार रखती है और क्या NHPC व NTPC द्वारा धन का प्रावधान कर लिया गया है; ब्यौरा दें?

----

## **बैचवाईज भर्ती**

***2516 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्रथम श्रेणी के पदों जैसे MBBS Doctors/Ayurvedic Doctors व अन्य Technical Posts पर Batch-wise आधार पर भर्ती को बन्द कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो ब्यौरा कारण सहित पदवार दें; और

(ग) सरकार जनहित में क्या इसे पुनः प्रारम्भ करने का विचार रखती है?

----

## Allotment of Shops

***2517 Sh. Suresh Bhardwaj (Shimla):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether HRTC has allotted shops/spaces to people at various places in Shimla town especially at Lakkar Bazar Bus Stand; if yes, detail of such allotments alongwith names be given;

(b) whether HRTC authorities are aware that some persons have encroached upon the land, rain shelter/properties belonging to HRTC at Lakkar Bazar Bus Stand in Shimla; if yes, what action has been taken against such persons by the HRTC; and

(c) whether HRTC authorities are aware about the non-payment of rent/license fee by some allottees at Lakkar Bazar Bus Stand Shimla; if yes, what is the amount to be recovered and what steps have been taken against such defaulters ?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग

***2518 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कीर्तपुर-स्वारघाट-मण्डी-मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) सरकार ने इस राष्ट्रीय उच्च मार्ग को पूर्ण करने की क्या समय सीमा निर्धारित की है; और

(ग) वित्तीय वर्ष 2015-16 में इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई; ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## Air Ambulance

***2519 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that there are no specialists in hospitals in District Lahaul & Spiti;

(b) if yes, by when the Government proposes to post these specialists; and

(c) whether the department proposes to provide Air Ambulance to the valley in winters for evacuation of patients and visits of specialists to the valley?

----

## Registered Contractors

***2520 Sh. B.K. Chauhan (Chamba):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many contractors are registered in Chamba PWD Division as on 31-10-2015; category-wise details alongwith name and address be given; and

(b) during the last three years how many works were awarded to contractors; details of works awarded and executed by each contractor with name, address and amount involved be given ?

----

## पंजीकृत बेरोजगार

***2521 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में 31 दिसम्बर, 2007 को कितने बेरोजगार रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत थे और 30 नवम्बर, 2012 को इनकी कितनी संख्या थी; और

(ख) दिनांक 31 दिसम्बर, 2012 से 31 अक्तूबर, 2015 तक कितने बेरोजगार रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत हुए और 31 अक्तूबर, 2015 को बेरोजगारों की कितनी संख्या पंजीकृत है?

----

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नोटिस

***2522 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जिला कुल्लू के गेस्ट हाऊस, होटल व होम-स्टे के मालिकों को नोटिस जारी किये हैं;

(ख) यदि हां, तो कितने लोगों को नोटिस जारी किये गए; ब्यौरा उनके नाम, पते व नोटिस के कारणों सहित दें; और

(ग) कुल्लू जिला के अतिरिक्त इस तरह के नोटिस किस-किस जिला में कितने-कितने लोगों को जारी किये गए; ब्यौरा जिलावार व उनके नाम, पते सहित दें?

----

## राशन कार्ड धारक

***2523** **श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 7.11.2015 को प्रदेश में कितने राशन कार्ड धारक हैं;

(ख) ऐसे कितने राशन कार्ड हैं जिनमें मात्र एक या दो सदस्य दर्ज हैं और उन सदस्यों की आयु 60 वर्ष से अधिक है और उन्हें मात्र एक दाल सफेद चने दी जाती है;

(ग) सरकार क्या उनकी वृद्धावस्था को देखते हुये इस दाल को परिवर्तित करने पर विचार करेगी; और

(घ) सरकार द्वारा क्या दीवाली पर घोषित चीनी के अतिरिक्त कोटे का आबंटन कर दिया गया है; यदि नहीं, तो यह कब तक कर दिया जायेगा ?

----

## मुख्य मन्त्री कन्यादान योजना

***2524** **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में जिला सिरमौर में मुख्य मन्त्री कन्यादान योजना के अंतर्गत कितने मामले जिला कल्याण अधिकारी को प्राप्त हुए; ब्यौरा दें; और

(ख) इनमें से कितने स्वीकृत किए गए और कितने शेष हैं; ब्यौरा दें ?

----

## नई सड़कों का निर्माण

***2525** **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से लेकर 31 अक्तूबर, 2015 तक प्रदेश में कितनी कि0मी0 नई सड़कें बनी; और

(ख)इस अवधि में रोहडू मण्डल में कितनी कि0मी0 नई सड़कें बनाई गई और कितनी कि0मी0 सड़कें पक्की की गई; ब्यौरा दें?

----

## एल0ई0डी0 बल्ब

***2526 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को एल0ई0डी0 बल्ब दिये जा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो यह अभी तक किस-किस विद्युत उप-मण्डल में बांट दिये गये हैं; ब्यौरा लाभान्वित उपभोक्ताओं और शेष उपभोक्ताओं की संख्या सहित दें; और

(ग) सरकार द्वारा इस योजना हेतु कितने धन का प्रावधान किया गया है और उसमें से अब तक कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है ?

----

## उठाऊ पेयजल योजना नौणू-तनियार

***2527 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 1-8-2015 से दिनांक 7.11.2015 तक सरकाघाट सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल के अन्तर्गत उठाऊ पेयजल योजना नौणू-तनियार कितने घंटे चली;

(ख) इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को पानी की आपूर्ति क्यों सुनिश्चित नहीं की जा रही है; और

(ग) अधिशासी अभियंता सरकाघाट ने इस स्कीम का स्वयं निरीक्षण कब-कब किया; तिथिवार ब्यौरा दें?

----

## पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 के अन्तर्गत सड़क निर्माण

***2528 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी नई सड़कों को PMGSY योजना के अन्तर्गत स्वीकृत किया गया; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें; और

(ख) सरकार चम्बा से बैरागढ़-भंजराडू सड़क को कब तक State Highway बनाने का विचार रखती है ?

----

## सब्जी मण्डी की स्थापना

***2529 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि लग घाटी में सब्जी मण्डी की स्थापना की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## ट्रॉमा सैंटर

***2530 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में ट्रॉमा सैंटर कहां-कहां खुले हैं और कहां-कहां इनको खोलने की प्रक्रिया जारी है;

(ख) सरकार क्या जोगिन्द्रनगर में भी ट्रॉमा सैंटर खोलने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक?

----

## Renovation of Rest Houses

***2531 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Rest Houses built during British time at Chatru, Chhota Dhara and Petseu need renovation;

(b) if yes, what steps the department intends to take for their early maintenance/ renovation in public interest; and

(c) does the department propose to install Solar Lights over there?

----

## नलकूप बोर पर प्रतिबन्ध हटाना

***2532 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्तमान में जिला ऊना में सिंचाई के लिए टयूबवैल बोर करने के लिए Central Ground Water Board ने प्रतिबन्ध लगा रखा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार यह प्रतिबन्ध कब तक खोलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु लम्बित मामले

***2533 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में Town & Country Planning Act के अन्तर्गत निजी/व्यावसायिक भवनों के निर्माण हेतु NOC जारी करने के लिए नियम एक समान है;

(ख) यदि नहीं, तो किस-किस स्थान पर कौन -कौन से नियम लागू होते हैं; नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ग) गत तीन वर्षों में जिला कुल्लू में किन-किन लोगों को NOC जारी किये गये और दिनांक 7.11.2015 को कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा उनके नाम, पते सहित दें; और

(घ) जिला कुल्लू में ऐसे कितने भवन हैं जिन्हें NOC जारी नहीं किया गया परन्तु उनका प्रयोग किया जा रहा है; ब्यौरा मालिकों के नाम, पते सहित दें?

----

## पदोन्नति हेतु कोटा

***2534 श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में Vocational Education के कितने प्रवक्ता नियमित आधार पर नियुक्त हैं; ये कहां-कहां पर नियुक्त हैं; इनसे क्या कार्य लिया जा रहा है;

(ख) ये विद्यालयों में क्या शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं; यदि नहीं, तो ब्यौरा कारणों सहित दें; और

(ग) प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नति हेतु क्या इन प्रवक्ताओं के लिए कोई कोटा निर्धारित है; यदि हां, तो कितना व दिनांक 7.11.2015 तक इनमें से कितने प्रधानाचार्य बनाये गये; ब्यौरा दें?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

***2535 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में CHC शिलाई में डाक्टर के कितने पद स्वीकृत हैं व कितने कार्यरत हैं; और

(ख) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## नये विश्राम गृह का निर्माण

***2536 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में वन विभाग के कितने विश्राम गृह (Rest Houses) हैं;

(ख) दिनांक 7.11.2015 तक रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने विश्राम गृह हैं और Sheelghat व Sindasli के विश्राम गृह बनाने में देरी के क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार इनका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## करूणामूलक आधार पर रोजगार

***2537 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में करूणामूलक आधार पर रोजगार के ऐसे कितने मामले विभिन्न विभागों के वित्त विभाग के पास लम्बित हैं जोकि निर्धारित योग्यताएं पूर्ण करते हैं; ब्यौरा विभाग व आवेदकों के नाम व पते सहित दें; और

(ख) इन मामलों को कब तक निपटा दिया जायेगा?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांक: 21 नवम्बर, 2015.** **सचिव।**